Regarding construction of ?Sardar Circuit? in Gujarat- Laid

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारडोली) **:** मैं सरकार का ध्यान गुजरात के एक अति महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। आज हम सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनके योगदान को याद करते हुए, उनके आदर्शों से प्रेरित होकर एक ऐसे सरदार सर्किट के निर्माण की आवश्यकता को महसूस कर रहे हैं, जो बारडोली, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, और नाडियाड तीन महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ता हो । बारडोली स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक है । यहीं पर सरदार पटेल जी ने बारडोली सत्याग्रह का 1928 में नेतृत्व किया था I बारडोली की जनता ने अत्यधिक करों के खिलाफ जो साहस और संघर्ष दिखाया, उसने पूरे देश को प्रेरित किया । एकता नगर में सरदार साहब के व्यक्तित्व के अनुरूप प्रधानमंत्री जी के द्वारा 182 मीटर ऊंचाई वाली दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थापित हो चुकी है जो पूरे देश और दुनिया को एकता की प्रेरणा और संदेश देती है I सरदार सर्किट के विकास होने से यह हमारे क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक संरचना को भी बदल सकता है और साथ-साथ यह एकता, आत्मनिर्भरता और हमारे राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को प्रकट करेगा । अतः मेरा अनुरोध है कि सरदार सर्किट के विकास को प्राथमिकता दी जाए I सरदार साहब की जन्म-स्थली नडियाड की पावन भूमि को जोड़ते हुए सरदार टूरिज्म सर्किट को शुरु करने का आग्रह करता हूँ ।